बरेली, सोमवार
8 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण



# बिना रेडिएशन और कीमोथेरेपी से कैंसरयुक्त ट्यूमर का उपचार संभव




एसआरएमएस मेडिकल कालेज में वर्कशाप में न्यूरो सर्जन डा. अवधेश जायसवाल का स्वागत करते चेयरमैन देवमूर्ति ● सौ स्वयं

**जासं, बरेली :** ब्रेन ट्यूमर से घबराएं नहीं, यह लाइलाज नहीं है। आज एडवांस टेक्नोलाजी से इसकी जानकारी होना आसान हो गया है और समय से पता चलने पर कैंसर युक्त ट्यूमर का भी बिना रेडिएशन और कीमोथेरेपी से ही पूरी तरह उपचार संभव है। ये बातें रविवार को एसआरएमएस मेडिकल कालेज में ब्रेन ट्यूमर का शीघ्र निदान और उपचार विषय पर आयोजित वर्कशाप में एसजीपीजीआइ लखनऊ के न्यूरो सर्जन डा. अवधेश जायसवाल ने दी।

डा. अवधेश ने अपनी टीम डा. अभिषेक शुक्ला और डा. विकास विश्वकर्मा के साथ पिट्यूटरी ग्रंथि में हुए नान कैंसर ट्यूमर के दबाव को कम करने के लिए पिट्यूटरी एडेनोमा डीकंप्रेशन सर्जरी की और लाइव प्रसारण कर जानकारी दी। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने मरीजों को सम्मानित कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में एसआरएमएस के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल सेवानिवृत्त डा. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. आरपी सिंह, न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी प्रोफेसर डा. केएम झा, डा. प्रवीण त्रिपाठी, डा. अनु त्यागी, डा. शरत जौहरी, डीन पीजी डा. एसके सागर, डा. आरके महाजन, डा. सुधीर गुप्ता, डा. सतीश कुमार, डा. अमित खन्ना, डा. कमल जिंदल, डा. मनीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।